मृदुल पत्रिका
समाचार पत्र को समस्त
जिलों एवं तहसील-कस्बों
में संवाददाताओं की
आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
9828888853

दैनिक

मृदुल पत्रिका

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

पृष्ठ 8 वर्ष: 15 मूल्य 2.00 रु. अंक 38 | जयपुर, रविवार, 17 सितम्बर, 2023 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.co

'समर्पण, लगन और अनुशासन' जीवन में सफलता के आधार: प्रोफेसर बरई

सीरी एवं बिट्स-पिलानी द्वारा की गई थी लघु विज्ञान-कुंभ की संयुक्त मेजबानी

पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका)। क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 का समापन सत्र सीएसआईआर-सीरी में हुआ। कार्यक्रम की मेजबानी संयुक्त रूप से सीएसआईआर-सीरी और बिट्स पिलानी द्वारा की गई थी। समापन समारोह में प्रोफेसर एस के बरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी मुख्य अतिथि थे। डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

संस्थान के सभागार में आयोजित समापन एवं विदाई समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस के बरई ने संबोधन में प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह एवं सक्रियता की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने गुरुमंत्र देते हुए कहा कि 'समर्पण, लगन और अनुशासन' जीवन में सफलता का आधार है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि डॉ सुचंदन पाल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का आह्वान किया कि उन्होंने जो कुछ भी इस पांच-दिवसीय कार्यक्रम में दोनों विख्यात संस्थानों में सीखा है उसका जिम्मेदार विद्यार्थी के रूप में जीवन में उपयोग करें तथा पर्यावरण और वातावरण के प्रति भी सजग रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थी-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम जिज्ञासा के माध्यम से संस्थान के वैज्ञानिकों से संपर्क करने के लिए आमंत्रित किया। 11 से 15 सितंबर तक आयोजित इस लघु विज्ञान-कुंभ में नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग के 57 जवाहर नवोदय विद्यालयों के 112 मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ सक्रिय प्रतिभागिता की। उन्हें क्लाइमेट क्लॉक की असेम्बली का प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र से पूर्व विद्यार्थियों ने संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों के मार्गदर्शन में हाइड्रो-रॉकेट भी तैयार किए। प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, पीएमई प्रमोद तंवर ने सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में आयोजित जलवायु घड़ी असेम्बली एवं डिस्प्ले ईवेन्ट सहित समापन एवं विदाई समारोह का समन्वयन किया। समापन सत्र के संचालन के दौरान उन्होंने आमंत्रित अतिथियों और विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रों को ट्रॉफी से सम्मानित किया। फीडबैक में बच्चों ने आयोजन की संकल्पना के साथ भव्य तरीके से मूर्तरूप देने के लिए सीरी एवं बिट्स के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, कालाड़ा संजय कुमार यादव क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस के मुख्य समन्वयक थे। उन्होंने इस आयोजन की संयुक्त मेजबानी और सभी प्रकार के सहयोग के लिए सीरी एवं बिट्स के निदेशक डॉ पंचारिया और प्रोफेसर बरई के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में नवोदय विद्यालय के नरेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मार्शल आर्ट पर कार्यशाला

बी के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के महिला क्लब ने 16 सितंबर को मार्शल आर्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के दौरान कॉलेज की छात्राओं ने आत्मरक्षा के सरल कदम सीखे। विशेषज्ञ स्वयं बीकेबीआईएचई प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष, विज्ञान और प्रबंधन की छात्राएं मिस हर्षिता, हिमानी और आंचल थीं। यह आयोजन महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता में योगदान देगा। चूंकि, छात्राएं पिलानी के आसपास के गांवों से कॉलेज आती हैं, इसलिए आत्मरक्षा उनके लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के माध्यम बीकेबीआईएचई ने बड़ा संदेश दिया कि कॉलेज महिला छात्रों के बीच निडर और सशक्त दृष्टिकोण का निर्माण कर रहा है। बीकेबीआईएचई की प्रिंसिपल डॉ. बीना नारायण ने महिला सशक्तीकरण पर अपने संबोधन से हमारे छात्रों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि वर्मा ने किया।